–प्रेस नोट–
जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 05.04.2024

➢ थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–

दिनांक 05.04.2024 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री गनेश शर्मा मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त आकाश पुत्र विनोद निवासी ग्राम कपूरगढ थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को ग्राम कपूरगढ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे 01 अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। जिसके सम्बन्ध में थाना भौराकलां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–47/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 04.04.2024 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1918/09/16 मु0अ0सं0 114/16 धारा 380,457 भादवि में वारण्टी अभियुक्त कल्लू उर्फ कुलदीप पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम रसूलपुर थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ थाना बुढाना पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुए 01 टॉप–10/हिस्ट्रीशीटर अपराधी सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 04/05.04.2024 की रात्रि को प्रभारी निरीक्षक थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुए अभियुक्तगण 1. जाबिर पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर(टॉप–10/हिस्ट्रीशीटर अपराधी), 2. सुभाष पुत्र कालूराम निवासी ग्राम शाहपुर बटावली थाना बहसूमा जनपद मेरठ 3. महबूब पुत्र फजरा निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर व 4. शौकत पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम निरपुडा थाना दोघट जनपद बागपत को नदी मन्दिर के पीछे से बुढाना शुगर मील पर जाने वाले रास्ते पर बन्द पडे मकान कस्बा बुढाना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 26 तमंचे 315 बोर, 18 तमंचे 12 बोर, 02 तमंचे 32 बोर, 03 पौना 315 बोर, 04 पौना 12 बोर, 01 बन्दूक देशी 12 बोर, 51 तमंचे अधबने 12 बोर, 30 तमंचे अधबने 12 बोर, 22 पौना अधबने 12 बोर, 03 पौना अधबने 315 बोर, 40 नाल लोहा(छोटी व बडी नाल), 10 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 08 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 05 खोखा कारतूस 315 बोर, 05 खोखा कारतूस 12 बोर व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 138/2024 धारा 5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 05.04.2024 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री जयप्रकाश भास्कर मय हमराहीगण द्वारा परिवाद संख्या 6243/2020 धारा 138 एनआई एक्ट में वारण्टी अभियुक्त विजय कुमार पुत्र सुरेशचन्द निवासी गांधी कालोनी थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।